| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनियिशियल्स जज<br><br>अपील 146/16 रूपन बनाम अधि0अधि0न0पा0 कुम्हेर | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये |
|---|---|---|
| 5.1.2018 | पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। यह पत्रावली आदेशिका दिनांक 20.10.2016 की रोशनी में न्यायालय जिला कलक्टर भरतपुर से इस न्यायालय को प्राप्त हुई है। अवलोकन किया गया। अपीलान्ट द्वारा यह अपील अंतर्गत धारा 90 ए राज0 भू राजस्व अधिनियम विरूद्ध आदेश प्राधिकृत प्राधिकारी नगर पालिका कुम्हेर दिनांक 5.1.2002 बाबत जारी करने पट्टा पेश की गई है। चूंकि वर्तमान में स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर की अधिसूचना कमांक प.8(ग) ( )नियम/डीएलबी/15/5843 दिनांक 10.6.2016 के द्वारा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 73 की उपधारा (2) सपठित धारा 337 के तहत प्रत्येक संभाग के संभागीय आयुक्त महोदय को उक्त धारा 73 के अधीन सम्पत्ति के अन्तरण और संविधा से संबधित प्रकरणों की सुनवाई कर निस्तारण करने हेतु प्राधिकृत किया गया है। लिहाजा उपर्युक्त अधिसूचना दिनांक 10.6.2016 के परिपेक्ष्य में यह पत्रावली श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय भरतपुर को प्रेषित की जाती है। न्यायालय हाजा से यह प्रकरण नम्बर से कम किया जावे। वकील उभयपक्षकारान को सूचित किया जाता है कि वे प्रकरण में वास्ते आगामी सुनवाई श्रीमान संभागीय आयुक्त महोदय भरतपुर के न्यायायल में दिनांक...............................को उपस्थित हो।<br><br>**(ओ0पी0जैन)**<br>**अतिरिक्त कलक्टर**<br>**भरतपुर** | |

Web Copy Not Official